ग्रंथमालाके ट्रस्टी

विश्ववंद्य महर्षि आचार्य कुंथुसागरजीका अमरजीवन.

परमपूज्य चारित्रचक्रवर्ति आचार्य शांतिसागर महाराजके अनेक प्रभावक शिष्योंमें आचार्य कुंथुसागरजी अलौकिक तेजको प्रकट कर गये, इसमें कोई संदेह नहीं। आचार्यश्रीको अपने इस शिष्यसे विशिष्ट प्रभावनाकी आशा थी। मामूली पढे लिखे एक साधारण कृषि व्यवसायमें व्यस्त पुरुष अपने अध्यवसाय, लगन व सतत परिश्रमसे अल्पकालमें इतने महान् पुरुष साबित हुआ यह आश्चर्य उत्पन्न किये विना नहीं रह सकता है। आचार्यश्रीने आपको मुनिदीक्षाके बाद कुंथुसागर नामाभिधान किया। शायद इसमें भी कोई गूढ सन्निवेश हो। तीर्थंकर परंपरामें भी शांतिनाथके बाद कुंथुनाथका ही तीर्थ आया था। परंतु दैवचक्र तो दैवतत्वसे उपेक्षित साधु संतोंके प्रति भी अपना प्रभाव दिखाये विना नहीं छोडता है। कुछ ही समयके लिए क्यों न हो इस महापुरुषने अपने सुयोग्य गुरुके सुयोग्य शिष्यत्वको सिद्ध किया। इसमें कोई संदेह नहीं है।

विश्वोद्धार—आपके हृदयमें विश्वोद्धारकी भावना कूट कूटकर भरी हुई थी। आप इस वीतराग शासनको विश्वधर्म सिद्ध करदेना चाहते थे। यही कारण है कि आपने कुछ ही समयमें अपने पुण्यविहारसे जनसाधारणकी दृष्टि इस ओर आकर्षित कर लिया था। सर्व साधारणका अनुराग जैनधर्मके

प्रति उत्पन्न होगया था। और वीतराग धर्मसे जैनेतर समाज भी प्रभावित हुआ था। क्या जैन, क्या वैष्णव, क्या हिंदू व क्या मुसलमान सभी आचार्यश्रीके भक्त बनगये थे। आचार्यश्रीका जीवन कुछ समय और होता तो अवश्य ही वे इसे एक प्रभावक धर्म सिद्ध करते।

नरेंद्रवंद्यत्व—अनेक नरेश आपके पदकमलके परमभक्त बने थे। बडोदा राजधानीमें आपका शानदार स्वागत राजकीय लवाजमेके साथ हुआ। प्रधान मिनिस्टरकी उपस्थितिमें आपका सार्वजनिक धर्मोपदेश हुआ था। गुजरात व बागडके प्रायः सर्व नरेश आपके परमभक्त थे। भलुवा, टौंक, ओराण, बलासणा, सुदासना, पेथापुर, डूंगरपुर, बांसवाडा, मोहनपुर, आदिके नरेश आपका उपदेश सुनने के लिए सदा लालायित रहते थे। इन राजघरानोंमें जैनधर्मके प्रति एवं जैनसाधुवोंके प्रति अनुराग उत्पन्न होनेमें आचार्यश्रीकी आत्मा ही प्रधान कारण है। अनेक राज्योंमें आचार्यश्रीके जन्मदिनके उपलक्ष्य में अहिंसा दिन मनानेकी शाही घोषणा हो चुकी है। यहांपर आचार्यश्रीके अमरजीवनकी ज्योति आचंद्रार्क स्थिररूपसे प्रज्वलित होती रहेगी।

ग्रंथनिर्माण:—आपने विश्वहितके लिए केवल उपदेशके द्वारा प्रयत्न नहीं किया है, किंतु ग्रंथनिर्माण कर युगयुगांतरमें भी विश्व कल्याणका संदेश विश्वके सामने स्थिर रखनेका प्रशस्त कार्य किया है। आपकी ग्रंथनिर्माणशैली, अत्यंत सरल व सुदविर्ण है। आबालवृद्ध आपके ग्रंथोंको समझ सकते हैं।

विषय अत्यंत महत्वके होनेपर भी सरल व अनेक उदाहरणोंसे स्पष्टीकृत होनेके कारण प्रत्येक व्यक्ति उत्सुकताके साथ उनका स्वाध्याय करते हैं। आचार्यश्रीकी यह देन जैन संसारके लिए ही नहीं, सारे संसारके लिए एक अलौकिक चीज रहेगी। पूज्यश्रीने बोधामृतसार, ज्ञानामृतसार, श्रावकप्रतिक्रमण, मुनिप्रतिक्रमण, मुनिधर्मप्रदीप, भावत्रय फलप्रदर्शी, शांतिसुधासिंधु आदि अनेक ग्रंथोंकी रचना कर स्वाध्याय प्रेमियोंके प्रति अनंत उपकार किया है। इस प्रकार पूज्यश्रीने कुछ ही समयमें संसारका अपार उपकार किया है। आपने गुजरात, व बागडके उद्धारके लिए जो प्रयत्न किया था वह युगयुगांतरमें भी विस्मृत नहीं होसकता है। आज भी बागड व गुजरातमें भक्तगण आपके वियोगसे विह्वल होरहे हैं। ऐसे गुरु हमें कब दर्शन देंगे, यह भावना प्रत्येक भावुकके हृदयमें उत्पन्न होरही है।

आपकी वीतरागता, परमनिस्पृह शांतवृत्ति, तेजोमय मूर्ति, गंभीर विचारधारा, वैराग्यमय दिव्यकाय आदि आखोंसे कभी ओझल नहीं हो सकते हैं। आपका भौतिकशरीर यहांपर न रहनेपर भी आपके अमरजीवनकी जागृत ज्योति इस संसारमें ज्यों का त्यों प्रज्वलित है। संसार आपके परोक्ष चरणोंमें श्रद्धांजलि समर्पण करनेमें अपनेको धन्य मानेगा।

प्रकृतग्रंथः—आचार्यश्रीकी स्मृतिमें चलनेवाली श्रीआचार्य कुंथुसागर ग्रंथमालासे अभीतक करीब ४४ ग्रंथ प्रकाशित होचुके हैं। वर्तमानमें जैनदर्शनके महान् तार्किकशिरोमणि महर्षि

विद्यानंद स्वामीके द्वारा विरचित तत्वार्थश्लोकवार्तिकालंकार ग्रंथका प्रकाशन संस्थासे होरहा है। उक्त ग्रंथके ४ खंड तो प्रकाशित होचुके हैं, ३ खंड और प्रकाशित होंगे। उक्त ग्रंथसे आज विद्वत्संसारका भारी उपकार होरहा है।

इस महान् प्रकाशनके बीचमें यह प्रकाशन सामान्य पाठकों को लाभप्रद होगा।


पूज्य स्व. आचार्यश्रीके संकेतसे ही लघुज्ञानामृतसारका काव्यमय भाषांतर कराया गया था। अनेक कारणोंसे उक्त पुस्तकका अभीतक प्रकाशन नहीं हो पाया। अब हम उसे प्रकाशित कर रहे हैं।

इसी प्रकार आचार्यश्रीके परमशिष्य त्यागी धर्मसागरजीने कुंथुसागरपचीसीके नामसे २५ गायनोंसे आचार्यश्रीका गुणगान किया है। उसे भी हमने इसीके साथ प्रकाशित किया है।

इसके अलावा चारित्रचक्रवर्ति विश्ववंद्य स्व. आचार्य शांतिसागर महाराज का अंतिमसंदेश जो यमसल्लेखनाके समय ध्वनिमुद्रित किया गया है, वह भी इस पुस्तकमें मूल—मराठी और हिंदी भाषांतर के साथ दिया गया है। इसे मनन कर भव्यात्मा कल्याणपथमें अग्रसर होंगे ऐसी आशा है।

विनीत—

वर्धमान पार्श्वनाथ शास्त्री,
ऑ. मंत्री आचार्य कुंथुसागर ग्रंथमाला
कल्याणभवन, सोलापुर



श्री विश्ववंद्य आचार्य कुंथुसागरजी महाराज

श्री. १०८ आचार्य श्री कुंथुसागर महाराजरचित

लघुज्ञानामृतसारका हिन्दीपद्यानुवाद

विद्याके जो प्रखर प्रभाकर जिनसे दीप्त त्रिलोक अलोक।
कर्म कषाय जीतनेवाले, जो हैं अभय अमय अशोक।
उनके चरणोंमें नतमस्तक-हो, यह लघुज्ञानामृतसार।
रचते हैं गुरु होवे जिससे अखिल विश्वमें ज्ञान प्रसार॥ १॥

अबतक इन शुभ अशुभ क्रियाओंमें मैं अबतक रमा रहा।
सुख दुःख पुण्य पापमय होकर विषयविपिनमें भ्रमा रहा, ।
पर हे शुद्धिविधायक स्वामिन्। मिले आपके पद हैं आज, ।
लिया आज है आश्रय इनका मिटे शुभाशुभ कर्म समाज॥ २॥

हो, हे कुंथु प्रभो अब मुझको इन चरणोंसे इतनी प्राप्ति।
और मुझे न याचना करनी, करनी है संसार समाप्ति।
शिवसुखकी हो सिद्धि स्वात्म उपलब्धि और परिणाम विशुद्धि।
मिले समाधि अन्तमें मुझको विश्वव्यापिनी हो मम बुद्धि॥ ३॥

इस मानवको भोगपिपासा देती है जो उत्कट क्लेश।
व्याघ्रसिंह नरनारि राहु या केतु नहीं दे सकते लेश।
गज, तुरंग या अग्नि सर्प या वैरी वर्ग आधि या व्याधि।
वैसा दुःख न दे सकते हैं आपद, भूत पिशाच उपाधि॥ ४-५॥

इन्द्र महेन्द्र आदिके वैभव-प्राप्त हुवे जो बारंबार।
उनसे भी भोगेच्छा-नरकी शांत हुई न कभी दुखकार, ।

क्या यह तुच्छ मानवी संपद्, क्या-तृष्णाकी तृप्ति करे।
क्या हाथीके क्षुधितउदरको, जीरेका कण क्षुद्र भरे॥
अहो भासुरी विकट पिपासा क्षीर जलधिसे जो न मिटे।
क्षुद्रताकसे क्या है आशा उस तृष्णाकी व्याधि कटे।
ज्यों ज्यों मिलते शामक साधन त्यों त्यों होती यह उद्दीप्त।
मैंने तो देखा है ईंधन-से ज्वालाको सदा प्रदीप्त॥ ६-७॥
जो विशिष्ट पुण्यात्मा कहलाते हैं देव स्वर्गवासी।
किंतु सुना है यह तृष्णा उनके भी गर्दनकी फांसी।
पुण्यहीन जो इतर जीव हैं उनकी कथा कहे अब कौन।
उनकी विकट व्यथा लिखनेको है यह क्षुद्र लेखनी मौन।
जिस प्रलयंकर पवनपुंजसे, अचल शिलोच्चय डोल उठें।
शिरा शिरा, क्या त्राहि त्राहिकर वृक्षोंकी नहिं बोल उठें?॥
तीन लोकको भस्म करे जो कुपित प्रलय पावक अतिघोर।
वहां बचेंगे क्या तृण जीवित लाख लाख करके भी शोर॥ ८-९॥
इस नर जीवनमें पदपदपर आती हैं आपत्ति अनेक,।
भरा हुवा है रोग राशिसे उनका रोम रोम प्रत्येक।
इस तरुणाईकी मादकता भरे वृद्धतासे आक्रान्त।
और कालके मुखमें रहता नरका आयुष्कर्म नितांत।
फिर भी खेद यही है प्राणी सदा चाहता नश्वर भोग।
इन हीमें सुख मान रहा है, है कीलित इसका उपयोग।
हा, संताप शांत करनेको करता है यह अग्नि प्रवेश।

हालाहल भक्षण करता है, प्राणकाम हित यह मूर्खेश ॥१०-११॥

अहा, इन्द्रियोंकी अभिलाषा–शांति हेतु यह मूर्ख महान ।
भोग और उपभोग वस्तुयें जुटा रहा देखो अज्ञान ।
रे, हो, अग्नि बुझानेवालों, सोचो मनमें करो विचार ।
घृत छिड़केसे अग्नि बुझेगी या होगी उद्दीप्त अपार ।
इस कुटुंबको सुखी बनानेका मनमें जो है संकल्प ।
इसी हेतु करते हो संचित भोग वस्तुयें भरे अनल्प ।
अहो, उखाड़ कल्पतरु तुमने बोया है घरमें किंपाक ।
सुख औ शांति कुटुंब तुम्हारा प्राप्त करेगा अब क्या खाक ॥
अरे, देहकी रक्षामें रत विषयभोगके अभिलाषी
द्रव्य उपार्जनके व्रतधारी कीर्ति विभवके आकांक्षी ।
धर्माचरण छोड़ सब बैठे जप तप मनसे दिये निकाल ।
रत चित हो दौड़ रहे हैं विषयोंके वनमें बेहाल ॥ १४ ॥

विषयी पूजा दान छोड़के स्वर्गमोक्षसे होते दूर ।
इह लौकिक सुख भोग कीर्तिको भी ये करते चकनाचूर ।
उतो भ्रष्ट हो इतो भ्रष्ट भी होते ये विषयोंके मित्र ।
सत्य कहा है विषयाधोंकी होती है गति महा विचित्र ॥ १५ ॥

सलिल बिंदुसे जलधि न धापे अग्नि काष्ठ से हो नहि शांत ।
मृत्यु मरण से तृप्त न होती और तैल से दीप नितांत ।
धनसे कृपण न कभी अघाता पर ये सब भी हो जावें ।
पर यह संभव कभी नहीं जो विषयी विषय भुलापावें ॥ १६ ॥

छीनत्यादिके सौख्य शांतिहित,तृष्णाका यह रूप विचित्र ।
' भवप्रद है संसार प्रवर्धक ' ऐसा कहते गुरु जगमित्र ।
कुंथुसिंधु आचार्य शिरोमणि जिसने पाया आत्मानंद ।
करते हैं उपदेश हितंकर, 'तजो भव्य तृष्णाका फंद' ॥ १७ ॥
प्र.:—सुनकर शिष्य खड़ा हुआ हो मन खिन्न अतीव ।
कहिये गुरु किसवस्तुसे होय तृप्त यह जीव ?
उ.:—अहो भव्य वह वस्तु विश्वमें ज्ञानामृत है परमपवित्र ।
जो यथार्थ तृप्तिदाता है जो जीवोंका सच्चा मित्र ।
जन्ममृत्युका नाशक है यह महा मधुर मंगलमय मिष्ट ।
उसका निश दिन पान करो जो चाहो निजकल्याण विशिष्ट ॥
प्र.:—गुरु सन्मुख तब शिष्य उठ खड़ा हुआ स्वयमेव ।
ज्ञानहीन जन विश्वमें शोभे या नहिं देव ? ।
उ.:—विनय विना मस्तक नहिं शोभे, जिन दर्शन बिन ये युग नैन ।
घ्राण न शोभे पर सौरभ रत मधुर तथापि सत्य बिन बैन ॥
ईश प्रार्थनाहीन वदन ज्यों शास्त्रश्रवण बिन-रुचे न कान ।
आत्मगीत बिन कंठ न सोहे हस्त अशुभ जिनसेवा-दान ॥ २० ॥
तीर्थाटन बिन पाद न सोहे उदर अनर्गल भक्षणसे ।
निज रस स्वाद विहीन रसज्ञा देश शून्य ज्यों शिक्षणसे ॥ २१ ॥
नीतिविहीन शौर्य नहिं शोभे धर्महीन ज्यों जगनेता ।
मिथ्यापक्ष लिये, न चतुर भी वक्ता ज्यों शोभा देता ।
बहु अधिकारी होकर भी जो स्वार्थसिद्धि करते केवल ।
अथवा पापकार्य रत रहते तो शोभा हो किसके बल ? ॥ २२ ॥

द्रव्यहीनका भोग न शोभे दरिद्रकी आशा फलहीन।
दुष्ट पुरुषकी बात अनादरयोग्य बताते पुरुष प्रवीण।
उसका मानव जन्म वृथा है जिसने त्यागा नहीं प्रमाद।
उस राजाकी क्या शोभा जिसका सम हो नहिं दृष्टि प्रसाद॥२३॥
उसी भांति विज्ञानहीनके शरीर जानो शोभाहीन।
जिन भाषित सुखदायक व्रत उपवास आदि भी उसके दीन।
सम्यक ज्ञान विना जप तप, कल्याण मार्गमें हैं असमर्थ।
नेत्रहीन मानवकी जैसे सब शृंगार–कल्पना व्यर्थ॥ २४॥
प्रश्नः—बोला शिष्य विनीत अति अब कहिये मुनिभूप।
वाञ्छितदायक मुक्तिप्रद–सम्यकज्ञान स्वरूप॥
उत्तरः–व्यय उत्पाद ध्रौव्यसंयुत हैं जो जिनकथित अनेक पदार्थ।
सप्त तत्त्व पंचास्तिकाय षट्द्रव्य आदि जो वस्तु यथार्थ।
संशय विमोह विभ्रमवर्जित उन्हें जानना निश्चयरूप।
क्रिया सफलता हेतु, मोक्षप्रद है वह सम्यग्ज्ञानस्वरूप।
स्वयं प्रकाशी दीप विश्वमें प्रकाश करता है जैसे।
सम्यग्ज्ञान आत्मपर सबका वेदन करता है वैसे॥ २५-२६॥
अरे ज्ञानसे [illegible] तो रक्षित आत्माके दर्शन चारित्र।
आता है अनुभवमें इस ही से तो आत्मानंद पवित्र।
ज्ञानविना असमर्थ जीव यह कैसे उतरे भवसागर।
किसके बलसे रुके रहेंगे, कर्म कषाय कुटिलतस्कर?
अहो ज्ञानबिन साधन क्या है, आत्मशुद्धिका संसृतिमें।

देतु बनेगा कौन सिद्धिहित निज समृद्धिकी सुरमूर्तिमें ।
आत्म देहकी सहज भिन्नता ज्ञानबिना पहचाने कौन !
निज साम्राज्य प्राप्तिका जगमें यथार्थ साधन जाने कौन २७-२८
क्रोधमान माया तृष्णाका कहो कौन परिहार करे !
ज्ञान बिना [illegible] मोहशत्रुका कौन सबल संहार करे !
शांति सौख्यके सुन्दर साधन ज्ञानबिना बतलावे कौन !
मैत्री और प्रमोद चित्तमें लावे कौन बढावे कौन !
चित्तरूप यह चंचल पक्षी किसके वशमें हो बिनज्ञान !
स्वात्मसौख्यका औ स्वधर्मका कैसे होवे निश्चय भान !
इसीलिये हे भव्य सदा तुम प्राप्त करो यह सम्यक्ज्ञान ।
इसके मिलजाने पर समझो प्राप्त होगया मुक्तिस्थान २९-३०
यही ज्ञान है जो करता है निज औ पर दुखका परिहार ।
यही ज्ञान है जिससे होता कर्मबंध सब जलकर क्षार ।
यही विश्वकी मधुर सुधा है अजर अमर अक्षय पदमूल ।
यह स्वर्गीय सुरभि संयुत, कमनीय कीर्तिका सुन्दरफूल ।
इसी ज्ञानसे भवभयहरिणी दयाबुद्धि होती उद्भूत ।
[illegible] ही के बल विश्व-प्रवाहित करुणा कृपामयंजन पूत ।
जैनधर्मका मूलमर्म यह जगमें जानो सम्यक्ज्ञान ।
इसकी प्राप्ति भव्य नित चाहो धरो हृदय इसहीका ध्यान ३१-३२
जो दुखदायक मान मतंगज करता विश्वशांति सुखभंग ।
यही ज्ञान है जो करता है उस मतंगको तत्क्षण तंग ।

सुहित मार्गमें गमन कराता तृप्ति कराता निज रसमें ।
आत्म देशमें यह पहुंचाता करता जग अपने वशमें ।
सौख्यस्वरूपी रत्नत्रयमें करवाता यह आत्मनिवास ।
यही ज्ञान है कर्मोंका जो करता शीघ्र समूल विनाश ।
सत्य यही है सुन्दर भी यह यही समझलो है शिवरूप ।
इसकी प्राप्ति करो निजपाओ हो जाओ इसमें तद्रूप १३-१४

घोर तपस्या करो सदा तुम चाहे तनको दो संक्लेश ।
ज्ञान बिना इस कर्म कालिमाका न हटेगा तुमसे लेश ।
घोर विपिनमें जैसे कोई शक्तिसहित भी चक्षु विहीन ।
मार्ग न पाकर भटका करता करके अपने सुखको हीन ।
इच्छा रहित महामुनि ज्ञानी अल्प तपस्या से भी किंतु ।
आत्मशक्ति उद्घाटित करके काटें विकट कर्मके तंतु ।
जिस प्रकार वे घाति विघाती केवलज्ञानी श्री अरहंत ।
क्षुधा पिपासादिक दोषोंका करते ज्ञान शस्त्रसे अंत ॥ १५-१६॥

किये जाय इस ज्ञानद्रव्यसे धर्मकार्य निज पर उपकार ।
अथवा आत्मसाधना करके करे अविद्याका परिहार ।
ज्ञान द्रव्य भी अति विचित्र है बढ़ता है व्यय करनेसे ।
और नष्ट होता है यह व्ययहीन बुद्धिमें धरनेसे ।
चोर इसे न चुरा सकते हैं, नृप इसे नहिं सकते छीन ।
बंधु मित्र परिवारी भी हैं इसे बंटानेमें अति दीन ।

ऐसा अनुपम ज्ञान ग्रंथ है इसको प्राप्त करो हे वीर।
तभी चतुर विद्वान बनोगे होंगे धीर वीर गंभीर ॥ १७-१८ ॥
ज्ञान तुरय गुणकारी सुखपद दुखहर और पवित्र महान।
संसृति हारी निज सुखकारी, निजबोधक नाशक अज्ञान।
सुख सौभाग्य विवर्धनकारी उपकारी औ आनंद स्वरूप।
सत्यप्रकाशी भ्रमतमनाशी जगमें है न पदार्थ अनूप ॥१९-२०॥
मूर्ख नृपति निजदेशपूज्य है, और कुपुत्र अपने घरमें।
मूर्ख धनिककी कहां प्रतिष्ठा ? होवे तो भी निजपुरमें।
अल्प देशमें वैद्य प्रतिष्ठित, यंत्र मंत्र भी थोड़ी दूर।
सैन्य सचिव कुछ लोकप्रतिष्ठित यों ही शक्ति भक्ति परपूर।
पूजे जाते अपने स्थलपर बड़े बड़े पर्वत भी गेह।
त्योंही दानी मानी और विपरीत वेश धारीकी देह।
किंतु ज्ञान है वह अपूर्व धन जिसका पूजक है सब देश।
सब नरनारी उसे पूजते उसे पूजते सर्व नरेश ॥ २१-२२ ॥
विषम दुःख देनेवाली जो आत्मा प्रमावकारिणी बुद्धि।
माया मत्सरतादि दोष जो हरते हैं आत्मीक विशुद्धि।
यही ज्ञान है जो करता है इन दोषोंका पूर्ण प्रहार।
जैसे पावक तृणसमूहको शीघ्र जलाकर करता क्षार।
गाढ अशुद्ध अंधकारका नाशक है यह सम्यक्ज्ञान।
आत्मद्रव्यका विशद तथा प्रतिभासक है यह सम्यक्ज्ञान।
राग द्वेष औ विषयेच्छाओंका अंतक यह सम्यक्ज्ञान।
आत्मदेशका दिव्य सूर्य है सुखदायक यह सम्यक्ज्ञान ॥२३-२४॥

पथभ्रष्टोंको प्रशस्तपथ दिखलाता है यह सम्यक्ज्ञान।
भ्रांति नष्टकर आत्मतत्त्व बतलाता है यह सम्यक्ज्ञान।
करता है चारित्रवृद्धि परिणामशुद्धि यह सम्यक्ज्ञान।
स्वर्ग मोक्षदायक, करता परलोकसिद्धि यह सम्यक्ज्ञान।
मनके सारे मैल हटाकर अति पवित्रता देता ज्ञान।
आत्मधर्मकी श्रद्धाके मलदोष सभी हरलेता ज्ञान।
स्वपरशुद्धिप्रद अति उदार भावोंको मनमें लाता ज्ञान।
आत्मतुल्य यह मोक्षमार्गका सच्चा शुद्धि विधाता ज्ञान ॥ ५-२६॥
आदि नहीं है अन्त नहीं है जिसका कभी विनाश नहीं।
विघ्न नहीं बाधा नहिं जिसमें श्रम भी लेवमात्र नहीं।
शाश्वत सौख्यरूप जो अद्भुत जो केवल चैतन्य महान।
ऐसे अनुपम मोक्षसौख्यको ज्ञान बिना को करे प्रदान ॥ ४७ ॥
दानधर्मका मार्ग चला कर प्रगटे शशितुल्य सुकीर्ति।
जो अन्याय नाश करनेवाली बतलावे वर नृपनीति।
मोक्षप्रदायक धर्म अर्थ औ काम रूप जो वर पुरुषार्थ।
इनकी प्राप्ति करानेवाला ज्ञान बिना है कौन पदार्थ ? ॥ ४८ ॥
होता है विस्तृत वसुधापर दीर्घविचारी औ विद्वान्।
नरनरेंद्र औ सुरसुरेन्द्र होते हैं वश उसके हित ध्यान।
क्या बाधा है जोको उसके सफल मनोरथ [illegible]
कर देता पत्थरको परिणत वह पुरुषार्थी सोनेमें।
शीतातृष्णा विषयपीडा कौन उसे दुख दे [illegible]
क्रूर पिशाच दुष्ट मद भी क्या उसके [illegible]

कौन करे व्याख्यान ज्ञानकी अनुपम गौरव गरिमाका ।
अन्त मिला है किसको इसकी दिगंतव्यापी महिमाका ॥४९-५

चित्तवृत्तिको रोक कामकी कुत्सित चेष्टा दूर करे ।
दैहिक वांछाका विनाशकर जगमें दिव्य प्रकाश भरे ।
सुख संपद संपादन करता विपद व्यथाका नाश करे ।
द्वेष दुष्टको दूर हटाकर समताभाव प्रकाश करे ।
पाप नाशकर पुण्य बढ़ावे क्षुधा नींदके दोष हरे ।
यही ज्ञान है शिवप्रद, यों श्रीकुंथुसिंधु व्याख्यान करे ॥५१-५२॥

ज्ञान विश्वमें इस मानवका कहलाता है नेत्र यथार्थ ।
यही विशद है यह पवित्र है बाधारहित अमूल्य पदार्थ ।
गुणपर्याय सहित द्रव्योंका सत्य विवेचन करता है ।
स्थूल सूक्ष्म पर्यायोंका भी पूर्ण प्रकाशन करता है ।
तीन भुवनका भास्कर है यह धर्मप्रकाशक सम्यक्ज्ञान ।
सर्वसिद्धिका दाता यह आनंदप्रदायक वस्तु महान ॥ ५३-५४ ॥

ज्ञानहीन जन अलिक वस्तुका करता है अनियम अपहार ।
पशु समान आचरण करे दुष्कृतिरत उसका चित्त विकार ।
विवेकवंचित सदा मूर्ख वह करता रहता व्यर्थ प्रलाप ।
ज्ञान हीन नर जीवन पाकर करो न पर आमोद प्रमोद ।
धर्मशून्य व्यवहारशून्य वह करता संचित निशदिन पाप ।
आत्मबुद्धिसे रहित मूर्ख वह करता निजका परका घात ।
उसके निकट व्यर्थ करना आचार विचार विषयकी बात ।
पशु तो पशु होकर ही पशु है पर यह पशु है मानवनाम ।
इसीलिये पशु सभी पशु है ज्ञानहीन नर अघका धाम ॥५५-५६॥

विश्व विजयिनी मृत्यु डाकिनीको ज्ञानीजन विजित करें।
जो आध्यात्म दक्ष होकर व्यवहार दक्ष हो विश्व करें॥
इसी ज्ञानसे कला प्रगट हो कुकलाओंका हो खंडन।
कीर्ति प्रसारित हो त्रिभुवनमें औ कुकीर्तिका हो [illegible]॥
नर अमरेन्द्र करें ज्ञानीका पूजा, स्तवन और [illegible]॥
नर धरणेन्द्रनाथ हो ज्ञानी सुखद मुक्तिका हो [illegible]
ज्ञानविहीन तुच्छ नरके जपतप व्रत औ पौषध [illegible]॥
ध्यान मौन औ दया सामायिक भजन कथा विचार [illegible]॥
सुन्दर चालचलन मृदुवाणी संयमधारणा [illegible]
चंद्रविहीन रात्रि सम सारे रूप कलादिक हैं [illegible]
प्रतिभदायक अहित मार्गसे हटता नहिं [illegible]
हित पथको, इच्छित पदार्थको होती उसके [illegible]
दुखदायक संसारचक्रसे मुक्ति कभी नहिं [illegible]॥
निज प्रदेश आनन्द भवनमें अश्व कभी नहिं [illegible]॥
जावे तो भी ठहर न सकता जैसे दीपक [illegible]॥
अंधकारमें कभी न कोई जावे जाकर नहीं [illegible]॥
चंद्र सूर्य दीपक तारे भी वस्तुप्रकाशक [illegible]
पर स्वक्षेत्रमें बाह्य अल्प ही वस्तु प्रकाशित [illegible]।
किंतु ज्ञान है जो कि जानता तीन [illegible]।
अखिल द्रव्य अविकल पर्यायें [illegible] टाक।
इसीलिये मैं यही समझता ज्ञान [illegible]।
है इस जगमें प्रबल प्रकाशक सब [illegible]

ज्ञान प्राप्त करके भी जो नहिं करते शिवदायक शुभकार्य ।
मानवजन्म कृत्य नहीं करते शांतिपदायक जो कि अनार्य ।
निज साम्राज्य मूल नहीं करते अहो मूर्ख जो तत्त्व विचार ।
निजानंदमय अमृतका जो पान करें नहीं अहो गँवार ।
कुलकी और जातिकी रक्षा करे नहीं जो पाकर ज्ञान ।
स्वर्गमोक्षपथ विचलित है वो परम दुष्ट औ मूर्ख महान ६५-६६

कैसे पुण्य बिना हो पूरी राज्यप्राप्तिकी अभिलाषा ।
आस्य विना भाषणकी वांछा धर्म विना निधिकी आशा ।
पांव बिना क्या गमन करे औ नेत्रबिना क्या देखे रूप ।
कैसे पावे ज्ञानबिना नर सुखदायक शुचि मोक्ष अनूप ॥६७-६८॥

ज्ञानी श्रेष्ठ पुरुषकी जगमें जनरक्षक हो नीति महान ।
सकल अर्थकी सिद्धि स्वपरकी शुद्धि करे वह भव अवसान ।
ज्ञानहीन परतंत्र दुष्टकी नीति सदा जग दुखकी खान ।
सकल अर्थ नाशक कलहप्रिय पाता पद पदपर अपमान ॥६९-७०॥

अग्निप्रवेश करो तो अच्छा पीलो चाहे विषका घूंट ।
व्याघ्रसिंह खाजावे अच्छा भले मारदे गज या ऊंट ।
मरना हो तो मरो खुशीसे भ्रमण करो या नरक निगोद ।
इसीलिये है यही भावना मेरी निशदिन हे भगवान ।
मेरा महाशत्रु भी कोई रहे न जगमें [illegible] अज्ञान ॥ ७१-७२ ॥

ज्ञानहीन जनका जगतीमें समताशील धर्म उपदेश ।
मबल शौर्य ऐश्वर्य अनुपम कांति शांति औ सुगुण विशेष ।

कलित क्रियायें ललित कलायें मक्ति शक्ति जग वशकरणी।
अन्ययोग भी सकल विकल है बिना एक सद्ज्ञान मणि ७३-७४

ज्ञानयुक्त उत्तम मानवको जैसा वांछित सौख्य यथेष्ट।
देता है सुज्ञान निरापद वैसा सौख्य न नर सुरश्रेष्ठ।
मातापिता बहिन या भार्या मित्रपुत्र या बंधुविशेष।
यंत्र मंत्र सामंत वर्ग भी दे नहिं सकते यश नरेश ॥ ७५–७६।

देव धर्म कुल गोत्र जाति इह लोक और पर लोक पुराण।
पाप पुण्य नर भेद जन्म यम नरक निगोद मोक्ष बंधान।
विधि निषेध गुरु कुगुरु न माने मूर्ख, जीवकी गति औ स्थान।
इसीलिये है कहना पड़ता पापमूर्ति जगमें अज्ञान ॥ ७७–७८

जन्म मरणका बंधमूल है। जो जगमें मिथ्यात्व महान्।
विषयोंकी अभिलाषा आशा जगजंजाल भ्रांतिकी खान।
पापबीज है जो उपजाता जीवोंको दुख व्यथा विषाद।
ज्ञानी उन्हें नष्ट करता है रवि ज्यों अंधकार उन्माद ॥
इच्छारहित किन्तु इच्छित पद अपतर नियम धारणा ध्यान।
जिनवर कथित मार्ग जो देता जगको सौख्य शांति कल्याण।
दया क्षमा और साधुशीलता शिवसुखके जो कारण मूल।
उन्हें ग्रहण करनेमें ज्ञानी करता कभी न जगमें भूल ॥७९–८०

ज्ञानहीन निज दोषराशिको कभी जाननेमें न समर्थ।
बाह्य वस्तुको और जाननेका करता फिर क्यों श्रम व्यर्थ।

परम ज्ञानसे बंध बंध है है न जगतमें बंधा अन्य ।
यह सच्ची परमार्थदृष्टि है इसका है विश्वास अनन्य ।
ज्ञानहीन हो ओरे हीन है वही दीन है जगमें एक ।
निजानंद सुखमें निमग्न श्री कुंथुसिंधुका यही विवेक ॥ ८१-८२ ॥

गीता-छंद—इस ग्रंथकी जगमें पठन पाठन करें जो भव्यजन ।
उनका सदा कल्याण हो यों कुंथु कहते ज्ञानधन ।
अर्हंत सिद्ध सुसूरि सारे दे उन्हें मंगल सदा ।
आचार्य शांति सुधर्मसागर मोक्ष सुख दे सर्वदा ॥ ८३ ॥

दोहा—शांतिसिंधुके शिष्य श्री कुंथुसिंधुने ग्रंथ ।
लघुज्ञानामृतसार रच प्रगट किया शिवपंथ ॥ ८४ ॥

गुरुपद कमल पराग में अक्षय नाम कुमार ।
गुरु रचनापर पद्य रच हर्षित हृदय अपार ॥
गुरुका ग्रंथ विशाल है, उसका अर्थ गंभीर ।
यथामति निज बुद्धिसे रचे पद्य गुरुवीर ॥

श्री आचार्य कुंथुसागर महाराज विरचित

लघुज्ञानामृत सारका पद्यानुवाद

समाप्त

—०—



श्री १०८ आचार्य श्री कुंथुसागरजी महाराज रचित

'लघुबोधामृतसार' का पद्यानुवाद ।

(दोहा)

नमों ज्ञानरवि स्वर्गप्रद,
मुक्तिरमा भरतार ।
बोध हेतु निर्मित करूं,
लघुबोधामृतसार ॥ १ ॥

(उपजाति छंद)

आया कहांसे, चलना कहांको ।
क्या कर्म करना जगमें मुझे है ।
संसार ज्ञाता नर नित्य ऐसा ।
स्वचित्तमें निश्चयसे विचारे ॥२॥

(१) नरकमें कौन जाता है !—

कुदेव सेवी शठ धूर्त क्रूर
कुटुंबद्रोही कुलजातिद्वेषी ।
क्रोधी, कुमानी, गुरु-धर्म द्रोही,
निंदा करे जो शठ दानियोंकी ॥३॥
जो श्रावकोंका उपकारकोंका,
बने विरोधी शुभ साधकोंका ।
जो शीलघाते पर कपटधारी,
हा, हंत ! होता नरकाधिकारी ॥४॥

(२) तिर्यंच कौन होता है:—

आचारसे हीन विवेकशून्य ।
आलस्यवाही व प्रलापकारी,
विरुद्धगामी व अभक्ष्यभक्षी
जिह्वावशीभूत कुचक्रवेदी ॥

मानी व लोभी, विषयी कृतघ्नी ।
न धर्मधारी न उदारदानी,
ऐसा अभागा नर पुण्यशून्य ।
तिर्यंच होता अगले भवोंमें ॥६॥

(३) मनुष्य कौन होता है:—

थोडा करे क्रोध प्रवृत्ति सीधी ।
दयालु हो संसृतिसे डरे जो,
विनम्र हो शांत समानदृष्टि
हो धर्मप्रेमी व कुधर्मद्रोही ॥ ७ ॥

जो देव औ शास्त्र सुधर्मसेवी ।
दानी करे जो गुरुपादभक्ति ।
पूजादि सोत्साह करे सदा ही.
उसे मिलेगा नरजन्म आगे ॥८॥

(४) स्वर्गमें कौन जाता है—

संसार, ये भोग, शरीर, सारे ।
जिसे न मोहें वह सद्गृहस्थी ।
सम्यक्त्वधारी वह साधु होगा ।
संसारका पार जिसे दिखा हो ॥९॥

स्वाध्यायप्रेमी तपका तपैया ।
जो आत्मशोधी स्वपरोपकारी,
वो भव्य ही तो शुभभावनासे
होता सुखी स्वर्ग-समृद्धि पाके ॥१०॥

(५) मुक्ति कौन पाता है:—

महाव्रती जो त्रय गुप्तिधारी ।
हो ब्रह्मचर्या जिसकी सदा ही ।
संसारका अन्तक शुक्लध्यानी ।
स्वराज्यकामी निजधामगामी ॥११॥

कर्मादिका शत्रु चिदात्मवेदी ।
जिसे सदा स्पष्ट निजात्मभूति ।
वही प्रभू कर्मकलंकहारी ।
योगी वरे सुंदरि-मुक्तिनारी ॥१२॥

(दोहा)

कुंथुसागराचार्यकी ।
कृतिका ले आधार ॥
भाषामें ये पद्य लिख ।
अक्षय मुदित अपार ॥

—x—

श्रीकुंथुसागर पच्चीसी

स्व. परमप्रभावक आचार्य कुंथुसागर महाराजकी स्मृतिमें
विरचित पच्चीस भजनोंका संग्रह
[रचयिताः—श्री त्यागी धर्मसागरजी]

[भजन नं. १]

॥ तर्ज—छोटो मोटो सुईयांरे ॥

कुंथुसिंधु महाराज ! दुखियाके दुखको टालना ॥ टेक ॥
आप तिरे हो गुरू औरोंको तारना, हां २, येहि अरज होवे धार दुखियो निकट बुलावना ॥ कुंथुः ॥ १ ॥ अष्ट करम गुरू अति दुख देवे, हां २, यो दुख सह्यो नहीं जाय, कर्मोंसे छुडावना ॥ कुंथु ॥२॥ समता सरोवर करुणाके सागर, हां २, गुरुवर दीन दयाल, प्रेम बरसावना ॥ कुंथु ॥ ३ ॥ अमृत प्याला गुरुवर पीलावे हां २, येहि ईच्छा दिल माहीं, अरजी तो हिये धारना ॥ कुंथु ॥ ४ ॥ पटकायाके हो प्रतिपालक, हां २, जल्दीसे कर गुरु पार, धरमको निभावना ॥ कुंथुः ॥ ५ ॥

[भजन नं. २]

॥ तर्ज—मायला मान मान मेरी मान ॥

ऋषीवर कुंथु सिंधु पधारे हमारो भाग्य उदय हुवो आज ॥ टेर ॥ कुंथु गुरू आये नवनिधि लाये, छटो भविजन आज हमारो भाग्य उदय हुवो आज ॥ १ ॥ ऋषीवर आये सब मन भाये, अमृत बरसे आज हमारो भाग्य उदय हुवो आज ॥ २ ॥

पर उपकारी गुरू हितकारी, काटो करम ऋषि आज हमारो भाग्य उदय हुवो आज ॥ ३ ॥ पूरण भाग्य उदय भारतको, आये गुरूवर आज हमारो भाग्य उदय हुवो आज ॥ ४ ॥ संघसहित गुरु देव ही विचरे धर्म दीप आयो आज हमारो भाग्य उदय हुवो आज ॥ ५ ॥

[भजन नं. ३]

॥ तर्ज–स्वारथका संसार बंधु मेरे ॥

कुन्थु सिन्धु महाराज तारनवाले, कर भवदधिसे पार गुरुदेव हमारे ॥ आप तिरे औरन को तारे, गुरुवर दीनदयाल तारनवाले ॥ टेर ॥ १ ॥ सब जीवोंके गुरु हितकारी, भव्यजीवोंके प्रतिपाल, तारनवाले ॥ २ ॥ जैन अजैन सब दौड़कर आवे, सबको करो निहाल हो तारनवाले ॥ ३ ॥ सबजीवोंको गुरु समझावें, छोड़ो सभी जंजाल तारनवाले ॥ ४ ॥ त्यागी धर्म सब ऋषि मुनियोंको, नित्य नवावे भाल ॥ ५ ॥

[भजन नं. ४]

॥ तर्ज–थोड़ीसी जिंदगीमें क्यों किसीसे, कडवा बोले ॥

गुरुवर कुंथुदयाल, विश्वके हो हितकारी ॥ आप तिरे हो गुरुदेव, हमको तारनवाले ॥ डूबे हैं भवदधि माहि जल्दी करो किनारे ॥ १ ॥ कुन्थुसिन्धु ॥ लगती जनताकी भीड़ सुनकर अमृतवाणी भव्योंका करो उद्धार, यही है अर्ज हमारी ॥ २ ॥ गुरु ॥ षटकायाके जीव, तिनके हो प्रति पालक ॥ इन्द्रियोंको कीना आधीन, सुमति हे गुरु प्यारी ॥ ३ ॥ पंच महाव्रत धार, पांचों

समिती समारी ॥ तीन गुपति उरधार,कीनी मोक्षकी तयारी ॥४॥
त्यागी भरम गुरु धार, करता जय जयकारी करो, भवदधिसे पार,
यही विनती हमारी ॥ ५ ॥

[भजन नं. ५]

॥ तर्ज–पारसोला थारी गली सुधर गईरे ॥

गुरु कुन्थु हमारे, चारों वरण को तारे ॥ टेर ॥
ब्राह्मण कहे गुरुदेव हमारे, क्षत्री कहे मुझ प्यारे । वैश्य–
दौड चरणोंमें आये, शूद्रोंका कीना सुधार ॥ १ ॥
कन्याविक्रय अरु मरण भोजने, भारतको सभी उजाडे ॥
श्रीगुरु उपदेशामृतसे, कुरिती किया किनारे ॥ २ ॥
दक्षिण और उत्तरको सारी, गुजरात सभी सुधारे ॥
बागड सभी सुधारके, आये मेवाड किनारे ॥
तेली तंबोली माची मोची, सभी करे पुकारे ॥
सुनार सुतार लवार पटेल कहे, अमो गुरुदेव [illegible] ॥
क्रोध तजो मायाको छोडो, लोभको दो फटकारे ॥
त्यागी भरम यही समझावें, हो भवदधिसे पारे ॥
॥ गुरुदेव हमारे ॥ कुंथु हमारे ॥

[भजन नं. ६]

गुरुवर ज्ञान सिखाओ, हमारे घर आवोना ॥
तम अज्ञान मिटाओ, सुमति प्रकटाओना ॥
स्वामी अविद्याका, छाया अन्धेर है ॥ १ ॥

कर्मोंका चक्कर है, किस्मतका फेर है ।
झंझटमें आके ये, संध्या सवेर है ॥
क्या जाने कितनी सुधरनेमें देर है ॥ ४ ॥
स्वामी कृपा दिखलाओ ना ॥
पतितोंको स्वामी, तुमहीनें उठाये हैं ।
भूले हुओंको, सुपथमें भी लाये हैं ।
सोते हुवोंको दयाकर जगाये हैं ॥ ४ ॥
दुष्कर्म दुष्टोंको, जगसे भगाये हैं ।
स्वामी हमें भी जगाओना ॥ २ ॥ गुरुवर ॥
हमको कषायोंने है नाथ पकड़ा ॥
विद्वेष संक्लेश भावोंने जकड़ा ॥
वे धर्म जीवन हमारा हैं बिगड़ा ॥
किससे कहें नाथ अपना ये दुखड़ा ।
धर्म कहे दुखोंसे छुड़ाओना ॥ ४ ॥ गुरुवर ॥

[भजन नं. ७]

॥ तर्जः—मायरी मेरी मन वेरी लाल हरे ॥
गुरू कुन्थु हमारी, आरजीपे ध्यान धरो ॥
क्रोधमान मद लोभ फिरते हैं, इनको दूर करो ॥ टेर ॥
काल अनन्तसे भ्रमण करतमें । आयो न धरम खरो ॥२॥
सत्य पंथ मुझे सुझे, नाहीं गुरू अन्तर दीपहरो ॥
जड़ता हृदय, सद्बुद्धि ना आवे ॥
सौम्य प्रकृति करो ॥ गुरू ॥
त्यागी धरमकर जोड़ी विनवे ॥ मनउर आनन्द भरो ॥२॥

[भजन नं. ८]

॥ तर्ज–मोक्ष जानेका मेरा इरादा हुआ ॥

मेरे भगवान् मेरी यही आशा है ॥ पूर्ण कर दोगे इच्छा ये विश्वास है ॥ १ ॥ मेरे मनमें सदा, आपका ध्यान हो ॥ अपनी जातीका, कुलका सदा मान हो ॥ २ ॥ धर्मसेवामें अर्पण, सदा प्राण हो ॥ मेरे तनमें सदा देशका ज्ञान हो ॥ मेरे भगवान् ॥ ३॥ पांव उन्मार्गमें मैं, कभी ना धरू ॥ न्यायनीतिसे जीवन ये पूरा करू ॥ जातिसेवामें स्वामी, खुशीसे मरू ॥ मेरा मन आपके चरणोंमें सदा भरूं ॥ मै तो बलहीन हूं नाथ बल दीजिये । मेरी इच्छाये स्वामी, सफलता कीजिये । मेरी सारी समस्याये हल कीजिये । आपके चरणोंमें वास दीजिये ॥ मेरे भगवान् ॥

[भजन नं. ९]

॥ तर्ज–तुलसी मगन भये प्रभू गुण गायके ॥

कुन्थुसिन्धु गुरु देवा, सत्यको बतायके ।
भ्रमको मिटायके, सत्यको बतायके ॥ टेर ॥
क्रोध मान माया, नरकोंका मारग ।
क्षमा सत्य समतासे, इनको हटायके ॥ टेर ॥
हिंसा झूठ चोरी, सत्य गुण नाश करें ।
अहिंसा सत्य, अचौरि अशान्तिसे मिटायके ॥ १ ॥

जूआ चोरी और वेश्या, धर्मको नाश करे।
गुरुदेव कहे प्यारे इनको भगायके ॥ ३ ॥
क्षमागुण आर्जव मार्दव चित धरो।
सत्य शील संतोष, मोक्ष मिलायके ॥ ४ ॥
देव गुरु शास्त्र तीन पद अटल रहो।
धर्म कहे भव्यजीव, प्रमाद नशायके ॥ ५ ॥

[भजन नं. १०]

॥ तर्ज-मेरे शंभु कैलास बताया करो ॥

गुरु कुन्थु कहे दान देते रहो।
खरचा धनका धरममें किया तो करो ॥ टेर ॥
आहार अरु औषधिके दानसे, ज्ञान धन वृद्धी करो।
त्याग जप तप पुष्ट करता, कलमषल दूरी करो।
प्यारे प्रेमसे दान दिया तो करो ॥ १ ॥
देवदान नवदानसे, सेवा करे कर जोडके।
भोगभूमिमें जन्म तेरा, अंतरायको तोडके।
देता लाभ अमोल मिलाया करो ॥ २ ॥
दारिद्र सब ही भागता, अपकीर्ति नहिं होता कभी।
रोगादि संकट क्लेश भी नित, दूर ही रहता सभी।
सच्चे पात्रोंके चरण छूयां तो करो ॥ ३ ॥
त्यागी धरम कर जोड कहता यह ऋद्धि सिद्धि अमोल है।
ऋद्धि सिद्धि इन्द्रीके आश्रित जन्म यह बहुमोल है।
तीन पात्रोंको दान दिया तो करो ॥ ४ ॥ गुरु कुन्थु॥

[भजन नं. ११ तर्ज–भजन]

सरस्वतीना व्हाला, हमने मूल लागी छे ।
सावध्याना प्यारा हमने मूल लागी छे ॥ टेर ॥
इस हुंडावसरपणीमध्ये, गुरु महामतको पाया ।
दया करी सब जीवोंपर, हमने मूल लागी छे ॥
गुरु भेदाभेद बताया, अरु तत्वज्ञान दरसाया ।
फिर मोक्षमार्ग बतलाया, हमने मूल लागी छे ॥
गुरु सोती भारतको जगाई, अरु मिथ्या मोह नसाई
नेकीका रास्ता बताया, हमने मूल लागी छे ॥
अरु धर्मसागर झट आया, चरणोंमें वो लिपटाया ।
फिर हरष २ गुण गाय, हमने मूल लागी छे ॥
सारस्वतीना व्हाला, हमने मूल लागी छे ॥

[भजन नं १२]

॥ तर्ज–मोक्ष जानेका तुमने इरादा किया ॥
जैन साधूके तपका, चमत्कार है ।
इस चमत्कारको ही नमस्कार है ॥
घोर गरमी पड़े चाहे, बरसात हो ।
शीत मारी पड़े चाहे हीम पात हो ।
ये तो फिरते सदा ही, यथाजात हो ॥
मानो इनका प्रकृतिपे अधिकार है ।

पांव पैदल चले किन्तु थकते नहीं ॥
मुंह कभी दूसरेका ये तकते नहीं।
विघ्न बाधा इन्हें रोक सकते नहीं ॥
आत्म शक्तिका, इनके नहीं पार है ॥
विश्वकी संपदा इनके आगे पड़ी ॥
इन्द्रकी अप्सरा ये सेवामें खड़ी।
इनके दिलकी दिवालें बड़ी हैं कड़ी ॥
रहते निर्मोह निश्चल वा अविकार है।
सारी दुनियाके जीवोंके ये मित्र है॥
देते शिक्षाये सबको ही सुपवित्र है।
इनका उज्वल निराला ही चरित्र हैं ॥
इनका जीवन समीका सकाहकार है।
खाने पीनेकी इनको न परवाह हैं ॥
न पलंगोंकी महलोंकी भी चाह है।
आत्मकल्याणका मनमें उत्साह है ॥
धन्य संसारमें इनका अवतार है।
देखो केशोंको कैसे ये उत्पाटते ॥
खेतसे घासको जैसे हो काटते।
कुछ भी चेहरेपे दुखको न उद्घाटते ॥
धर्म कहे जिना है इनका सुराकार है।

[भजन नं. १३]

॥ तर्ज—मेरे शम्भु कैलास बुलालो मुझे ॥

गुरू कुन्थु सिंधु चिरंजीवी रहो ।
चिरंजीवी रहो आरोग्य रहो ॥
धन्य है देश करनाटक तुम्हारो ।
नगर एनापुर चिरंजीवी रहो ॥ १ ॥
धन्य है श्रावक सातप्पा कुल तेरो ।
सरस्वती माता चिरंजीवी रहो ॥ २ ॥
